**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1423**
**29 जुलाई, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**रेशम समग्र-2 योजना के अंतर्गत निर्मित रेशमकीट पालन शेड**

**1423. श्री जी. लक्ष्मीनारायण:**

**क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) रेशम समग्र-2 योजना के अंतर्गत प्रारंभ से अब तक स्वीकृत और निर्मित रेशमकीट पालन शेडों की कुल संख्या कितनी है, तथा लाभार्थी किसानों की संख्या, श्रेणी-वार (सामान्य, महिला, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति), स्वीकृत/जारी की गई धनराशि और उपयोग की गई धनराशि का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या रेशमकीट पालन शेडों के निर्माण हेतु वर्तमान लागत मानदंड निर्धारित किए गए हैं;

(ग) क्या बढ़ती निर्माण लागत के मद्देनजर राज्य सरकारों या हितधारकों से संशोधन हेतु कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं;

(घ) क्या सरकार ने मौजूदा लागत मानदंडों और सब्सिडी संरचना की पर्याप्तता के संबंध में कोई समीक्षा या विश्लेषण किया है, और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार लागत मानदंडों और सब्सिडी स्तरों को संशोधित करने का विचार रखती है और यदि हाँ, तो इन्हें कब तक लागू किया जाएगा?

**उत्तर**
**वस्त्र मंत्री**
**(श्री गिरिराज सिंह)**

**क):** रेशमकीट पालन शेडों की स्वीकृत कुल संख्या 36,404 है, जिनमें से सिल्क समग्र-2 योजना के अंतर्गत इसकी शुरुआत से अब तक 28,570 शेडों का निर्माण किया जा चुका है। सिल्क समग्र-2 योजना के अंतर्गत पालन गृहों के निर्माण हेतु प्रदान की गई केंद्रीय सहायता का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार, श्रेणी-वार विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

**(ख) से (ङ):** सिल्क समग्र-2 योजना के निर्माण के समय सब्सिडी प्रयोजनों के लिए लागत मानदंड निर्धारित किए गए थे। राज्य सरकारों से कुछ अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं और राज्य सरकारों तथा केंद्रीय रेशम बोर्ड के परामर्श से वर्तमान में समीक्षा की जा रही है।

**अनुबंध**

**सिल्क समग्र-2 के तहत निर्मित रेशमकीट पालन शेडों के संबंध में श्री जी लक्ष्मी नारायण द्वारा पूछे गए दिनांक 29.07.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1423 के भाग 'क' के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र/परिषद | सिल्क समर्ग-2 के अंतर्गत वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक पालन गृह निर्माण हेतु सहायता (इकाई: धनराशि – लाख रुपए में और लाभार्थियों की संख्या) | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य | | | | | एससी/एसटी | | | | |
| | | जारी किया गया | | उपयोग किया गया | | | जारी किया गया | | उपयोग किया गया | | |
| | | लाभार्थी | निधि (केंद्र का हिस्सा) | लाभार्थी | निधि (केंद्र का हिस्सा) | कुल संख्या में से महिला लाभार्थियों की संख्या | लाभार्थी | निधि (केंद्र का हिस्सा) | लाभार्थी | निधि (केंद्र का हिस्सा) | कुल संख्या में से महिला लाभार्थियों की संख्या |
| 1 | कर्नाटक | 6953 | 12821.9 | 6327 | 11753.2 | 326 | 1125 | 2807.19 | 654 | 1754.03 | 79 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 970 | 1857.5 | 821 | 1857.5 | 215 | 110 | 270.57 | 100 | 243.76 | 25 |
| 3 | तेलंगाना | 400 | 900 | 246 | 346.5 | 30 | 300 | 877.5 | 173 | 506.025 | 26 |
| 4 | तमिलनाडु | 4340 | 8471.25 | 2758 | 5404.25 | 444 | 230 | 520.02 | 180 | 414.39 | 31 |
| 5 | महाराष्ट्र | 723 | 1109.13 | 354 | 506.13 | 65 | 75 | 151.524 | 41 | 78.074 | 10 |
| 6 | उत्तर प्रदेश | 4380 | 4345.5 | 4080 | 4110.78 | 925 | 520 | 677.625 | 520 | 677.625 | 261 |
| 7 | मध्य प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 75 | 146.25 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | छत्तीसगढ़ | 777 | 2000.2 | 396 | 842.035 | 0 | 405 | 1042 | 349 | 853.25 | 0 |
| 9 | पश्चिम बंगाल | 663 | 488.1 | 662 | 487.35 | 133 | 289 | 216.75 | 289 | 216.75 | 39 |
| 10 | बिहार | 900 | 450 | 300 | 150 | 120 | 1584 | 1029.6 | 784 | 509.6 | 350 |
| 11 | जम्मू एवं कश्मीर | 718 | 1193.36 | 686 | 1016.74 | 107 | 282 | 419.28 | 280 | 405.24 | 50 |
| 12 | हिमाचल प्रदेश | 600 | 888 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | उत्तराखंड | 500 | 552 | 274 | 195.52 | 266 | 375 | 300 | 375 | 300 | 194 |
| 14 | हरियाणा | 50 | 31.4091 | 50 | 31.4091 | 12 | 100 | 113.75 | 57 | 38.3037 | 23 |
| 15 | पंजाब | 356 | 415 | 250 | 253 | 109 | 360 | 316.7 | 330 | 271.7 | 95 |
| 16 | असम | 62 | 55.8 | 62 | 55.8 | 58 | 362 | 325.8 | 362 | 325.8 | 362 |
| 17 | बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद (बीटीसी) | 64 | 57.6 | 64 | 57.6 | 54 | 1606 | 1445.4 | 1606 | 1445.4 | 1251 |
| 18 | कार्बी आंगलोंग स्वायत्त परिषद (केएएसी | 240 | 216 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1250 | 1158.73 | 1250 | 1158.73 | 535 |
| 20 | मणिपुर | 136 | 201.24 | 12 | 7.99 | 12 | 364 | 580.86 | 45 | 29.96 | 45 |
| 21 | मेघालय | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1210 | 1164.6 | 950 | 930.6 | 1006 |
| 22 | मिजोरम | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 946 | 1156.5 | 912 | 1076.04 | 300 |
| 23 | नागालैंड | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1320 | 1148 | 1290 | 1121 | 807 |
| 24 | सिक्किम | 178 | 264.24 | 175 | 260.01 | 63 | 22 | 30.51 | 22 | 30.51 | 2 |
| 25 | त्रिपुरा | 252 | 249.175 | 252 | 249.175 | 235 | 232 | 245.285 | 232 | 245.285 | 206 |
| | कुल | **23262** | **36567** | **17769** | **27585** | **3174** | **13142** | **16144** | **10801** | **12632** | **5697** |

****